an>

Title: Need to lay railway line from Robertsganj to Mugalsarai in Mirzapur Parliamentary Constituency.

श्रीमती अनुप्रिया पटेल (मिर्ज़ापुर): धन्यवाद उपाध्यक्ष महोदय, पिछले 12 वर्षों से मेरे संसदीय क्षेत्र मिर्जापुर की जनता द्वारा राबर्ट्सगंज से मुद्धुपुर, सुकृत, अहरौरा होते हुए मुगलसराय तक रेलवे लाइन की मांग की जा रही है। 10 वर्ष पूर्व रेलवे विभाग द्वारा इसका सर्वे करा कर नक्शा भी उपलब्ध कराया गया था, जिसमें रेलवे लाइन की दूरी 80 किलोमीटर थी। इसके साथ ही इसकी कुल अनुमानित लागत 500 करोड़ रुपये बताई गई थी। यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित है और विकास से पूरी तरह से वंचित है। जिस हिस्से में रेलवे लाइन की निर्माण की बात की जा रही है। वहां बहुत ही प्राचीन मां भंडारी देवी, बेलूबीर बाबा धाम, सम्राट अशोक का शिलान्यास पट्ट भी लगा हुआ है। इसी हिस्से में 300 साल का पुरानी अहरौरा की बाजार है, जहां लाखों की संख्या में पर्यटक आते-जाते रहते हैं। सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों से इस कार्ययोजना को पूरा नहीं किया जा जा रहा है, इस पर विचार नहीं किया जा रहा है, क्योंकि इसकी लागत 500 करोड़ रुपये है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस क्षेत्र में अगर रेलवे लाइन बन जाए तो विन्ध्याचल, मैहर देवी धाम की तरह अहरौरा क्षेत्र का पूर्ण विकास हो जाएगा। दर्शनार्थियों, यात्रियों और व्यापारियों को आने-जाने में सुविधा हो जाएगी।